
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

**05 फरवरी 2026**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

एक जलता हुआ दीपक हजारों दीपकों को रोशन कर सकता है फिर भी उसकी रोशनी कम नहीं होती। खुशियां बांटने से हमेशा बढ़ती है।

गौतम बुद्ध



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

5 फरवरी

मधु प्रिया

## ह्वेन त्सांग की मृत्यु 5 फरवरी



ह्वेन त्सांग का जन्म चीन के लुओयंग स्थान पर सन 602 में हुआ था और मृत्यु 5 फरवरी, 664 में हुई थी। ह्वेन त्सांग अपने चारों भाई-बहनों में सबसे छोटा था। इसके पिता एक कन्फ्यूशियनिस्ट थे। इसके बावजूद भी यह बौद्ध भिक्षु बनना चाहते थे। इसके पिता की मृत्यु सन 611 में हुई जिसके बाद यह अपने बड़े भाई चेनसू (बाद में चांगजी कहलाय) के साथ जिंगतू मठ में रहा। इस काल में इसने थेरवडा और महायन बौद्ध धर्म का अध्ययन किया। 618 में सुई वंश के पतन के बाद दोनों भाई चांगान भाग गये, जिसे तांग वंश की राजधानी माना जाता था। वहां से दक्षिण में सिन्चुआन गये। वहां दोनों भाई कोंग हुई मठ में दो-तीन वर्ष पढ़े। वहीं अभिधर्मकोष शास्त्र का अध्ययहन भी किया। वहीं इसने बौद्ध भिक्षु बनने की बात की। तेरह वर्ष मात्र आयु में ही अपनी अद्वितीय प्रतिभा के कारण यह मठाधीश बन गया। सन 622 में इसे पूर्ण भिक्षु बनाया गया। जब यह बीस वर्ष का था। बौद्ध पाठ्यों में मतभेद और भ्रम के कारण इसने भारत जाकर मूल पाठ का अध्ययन करने का निश्चय किया। तब इसने अपन एभाई को छोड़कर चांगान वापस लौट कर विदेशी भाषाओं की शिक्षा लीं। और वह 626 में संस्कृत में पारंगत हो गया। इसी काल में इसे योग शिक्षा का भी शौक हुआ।



हिंदी साहित्य के सुप्रसिद्ध कवि

# आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री

जी की जयंती पर शत्-शत् नमन।

**जानकी वल्लभ शास्त्री** *Janaki Ballabh Shashtri*, जन्म: 5 फरवरी 1916 - मृत्यु: 7 अप्रैल 2011) प्रसिद्ध कवि थे। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'भारत भारती पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। वे उन थोड़े-से कवियों में रहे, जिन्हें हिंदी कविता के पाठकों से बहुत मान-सम्मान मिला। आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री का काव्य संसार बहुत ही विविध और व्यापक है। प्रारंभ में उन्होंने संस्कृत में कविताएँ लिखीं। फिर महाकवि निराला की प्रेरणा से हिंदी में आए।

# TOB खेल कॉर्नर

## वर्ल्ड कप में किस-किस टीम ने बॉयकॉट किया

### 1996 वर्ल्ड कप

**ऑस्ट्रेलिया**
खिलाफ- श्रीलंका

| कारण | नतीजा |
|---|---|
| कोलंबो में आतंकी हमला, सुरक्षा चिंता | श्रीलंका को वॉकओवर |

### 1996 वर्ल्ड कप

**वेस्टइंडीज**
खिलाफ- श्रीलंका

| कारण | नतीजा |
|---|---|
| कोलंबो में आतंकी हमला, सुरक्षा चिंता | श्रीलंका को वॉकओवर |

### 2003 वर्ल्ड कप

**इंग्लैंड**
खिलाफ- जिम्बाब्वे

| कारण | नतीजा |
|---|---|
| राजनीतिक अशांति, ब्रिटिश सरकार का निर्देश | जिम्बाब्वे को वॉकओवर |

**न्यूजीलैंड**
खिलाफ- केन्या

| कारण | नतीजा |
|---|---|
| सुरक्षा चिंताएं | केन्या को वॉकओवर |

### 2026 टी-20 वर्ल्ड कप

**पाकिस्तान**
खिलाफ- भारत

| कारण | नतीजा |
|---|---|
| बांग्लादेश के वर्ल्ड कप से बाहर होने पर सपोर्ट | तय नहीं |

T20 ICC MEN'S T20 WORLD CUP

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **05.02.2026**

## दोहराव शिक्षण

दोहराव शिक्षण **(Repetition Learning)** एक प्रभावी शैक्षणिक तकनीक है, जिसमें जानकारी को याद रखने और उसे दीर्घकालिक स्मृति **(long-term memory)** में सुरक्षित करने के लिए बार-बार दोहराया या अभ्यास किया जाता है। यह मस्तिष्क में नए मार्ग बनाता है, समझ बढ़ाता है, और विस्मरण वक्र **(forgetting curve)** को कम करके सीखने की प्रक्रिया को पक्का करता है।


# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**तिब्बती बौद्ध धर्म** के शीर्ष धर्मगुरु दलाई लामा ने अपना पहला ग्रैमी अवॉर्ड जीत लिया है। 68वें वार्षिक **ग्रैमी पुरस्कार समारोह** में दलाई लामा ने अपने एल्बम के लिए **बेस्ट ऑडियो बुक,** नैरेशन और **स्टोरी टेलिंग रिकॉर्डिंग** के लिए यह अवॉर्ड जीता।



राकेश कुमार


“
मुझे विश्वास है कि, विद्रोही बनते नहीं
उत्पन्न होते हैं.विद्रोहबुदधि परिस्थितियों से,
संघर्ष की सामर्थ, जीवन की क्रियाओं से
परिस्थितियों के घात-प्रतिघात से नहीं निर्मित होती.
सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन "अज्ञेय"
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya




छायावादोत्तर काल के विख्यात प्रसिद्ध कवि, लेखक और आलोचक, 'भारत भारती पुरस्कार' से सम्मानित आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री जी के जयंती पर टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से शत शत नमन।

# जानकी वल्लभ शास्त्री

जन्म-05 फरवरी 1916
निधन-07 अप्रैल 2011

/teachersofbihar

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
प्रताप चंद्र रेड्डी
जन्म- 5 फरवरी 1933
Madhu priya
Madhu priya
/teachersofbihar

05 फरवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

देश की तरक्की के लिए हमें आपस में लड़ने के बजाय गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ना होगा।



\- लाल बहादुर शास्त्री

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org